## प्रेस नोट जनपद खीरी

**दिनाँक 29.11.2022**

**पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोदय के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में अपराध नियंत्रण व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के दौरान विगत 24 घंटे में जनपद के विभिन्न थानों द्वारा निम्न कार्यवाही की गयीः—**

## थाना हैदराबाद पुलिस द्वारा, जुआ खेलते हुए 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया

पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी, श्री संजीव सुमन के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक महोदय के निकट पर्यवेक्षण में सम्पूर्ण जनपद में अवैध समाज विरोधी क्रिया-कलापों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 29.11.2022 को थाना हैदराबाद पुलिस द्वारा सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुए 02 नफर अभियुक्तों 1. युनुस पुत्र स्व0 इदरीश 2. शीबू पुत्र स्व0 गुड्डू नि0गण ग्राम भल्लिया बुजुर्ग थाना हैदराबाद को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से 52 अदद ताश के पत्ते व कुल 5580 रु0 बरामद किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर 488/22 धारा 13 जुआ अधिनियम पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण-

1. युनुस पुत्र स्व0 इदरीश नि0 ग्राम भल्लिया बुजुर्ग थाना हैदराबाद जनपद खीरी
2. शीबू पुत्र स्व0 गुड्डू नि0 ग्राम भल्लिया बुजुर्ग थाना हैदराबाद जनपद खीरी

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. उ0नि0 दुर्वेश कुमार गंगवार
2. का0 अरविन्द कुमार
3. का0 देवेश कुमार
4. का0 सुधीर कुमार

# पुलिस लाईन खीरी में “यौगिक अभ्यास द्वारा उच्च रक्तचाप का प्रबन्धन”






पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी, श्री संजीव सुमन के निर्देशन में प्रतिसार निरीक्षक खीरी, श्री शिवनारायण के निकट पर्यवेक्षण में पुलिस लाईन खीरी में आज दिनांक 29.11.2022 को पुलिसकर्मियों के बेहतर स्वास्थ्य एवं बीमारियों से बचाव हेतु “यौगिक अभ्यास द्वारा उच्च रक्तचाप का प्रबन्धन” कार्यशाला का आयोजन कराया गया। इस कार्यशाला का आयोजन योग विशेषज्ञ एवं शोधकर्ता, श्री अमित गौरइया जी द्वारा किया गया। इस कार्यशाला में जनपद खीरी के सभी थानों से लगभग 200 पुलिसकर्मी उपस्थित हुए। सभी पुलिसकर्मियों की निःशुल्क रक्तचाप की जाँच की गई, जिसके आधार पर स्वास्थ्य का मूल्यांकन करके आवश्यकतानुसार इलाज कराया जा सकेगा। योग विशेषज्ञ एवं शोधकर्ता, श्री अमित गौरइया जी द्वारा सभी पुलिसकर्मियों को उच्च रक्तचाप व निम्न रक्तचाप को नियन्त्रित रखने के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान की गई। उक्त कार्यशाला से पुलिसकर्मियों को अत्यधिक लाभ प्राप्त होगा तथा बीमारियों की समय से जानकारी हो जाने से बेहतर इलाज उपलब्ध हो सकेगा।

# पुलिस अधीक्षक खीरी द्वारा जनपद खीरी में बनाए गए नवीन थाना उचौलिया का शुभारम्भ किया गया






आज दिनांक 29.11.2022 को पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी, श्री संजीव सुमन द्वारा जनपद के थाना पसगवां की रिपोर्टिंग पुलिस चौकी उचौलिया व थाना पसगवां के कुल 57 गाँवो को मिलाकर बनाए गए नवीन थाना उचौलिया का वैदिक मंत्रोच्चार के बीच नए सुविधायुक्त भवन का शुभारम्भ किया गया। महोदय द्वारा थाने का शुभारंभ करने के पश्चात पूरे थाना भवन का निरीक्षण भी किया गया तथा निर्माण कार्य की सराहना भी की गई। इसके साथ ही वर्तमान में जनपद खीरी में कार्यरत थानों की कुल संख्या 24 हो गई है। इस अवसर पर महोदय द्वारा अपने उद्बोधन के माध्यम से समस्त क्षेत्रीय संभ्रान्त व्यक्तियों एवं स्थानीय जनता को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद व्यक्त किया गया तथा यह अपेक्षा की गई कि नवनिर्मित पुलिस थाना उचौलिया आने वाले समय में अपनी सार्थकता को सिद्ध करेगा तथा संपूर्ण क्षेत्र में अपराध पर नियंत्रण स्थापित होगा। साथ ही महोदय द्वारा थाना उचौलिया पर नियुक्त किए गए थानाध्यक्ष उचौलिया, श्री रविन्द्र सोनकर व अन्य कर्मचारियों को शुभकामनाएं दी गई।

इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक खीरी, श्री अरुण कुमार सिंह; क्षेत्राधिकारी मोहम्मदी, श्री अरविन्द कुमार वर्मा व अन्य अधिकारी/ कर्मचारीगण एवं क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्ति उपस्थिति रहें।

<u>**थाना पसगवाँ पुलिस द्वारा, वांछित अभियुक्त माजिद उर्फ छंगा पुत्र साजिद बेग को गिरफ्तार किया गया**</u>




पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी, श्री संजीव सुमन के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निकट पर्यवेक्षण में सम्पूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 29.11.22 को थाना पसगवाँ पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 519/22 धारा 419/420/467/468/471/406 भादवि में वांछित अभियुक्त माजिद उर्फ छंगा पुत्र साजिद बेग नि0 ग्राम रामपुर घुंशी थाना नीमगांव जनपद खीरी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त का चालान माननीय न्या0 भेजा जा रहा है।

<u>**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**</u>

माजिद उर्फ छंगा पुत्र साजिद बेग नि0 ग्राम रामपुर घुंशी थाना नीमगांव जनपद खीरी

<u>**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**</u>

1-उ0नि0 प्रभात कुमार
2-का0 बृजेश कुमार
3-का0 विकास कुमार
4-का0 विष्णु कुमार

**<u>अवैध शराब के विरूद्ध कार्यवाही, विगत 24 घंटे में 243 लीटर अवैध शराब बरामद कर 16 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया</u>**





पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी, श्री संजीव सुमन के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक महोदय के निकट पर्यवेक्षण में जनपद खीरी में अवैध शराब के निष्कर्षण व बिक्री के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत विगत 24 घंटे में जनपद खीरी के विभिन्न थानों द्वारा कार्यवाही करते हुए **<u>243 लीटर अवैध</u>** कच्ची शराब व **<u>09 शराब भट्टी</u>** बरामद कर **<u>16 अभियुक्तों</u>** को गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम के अंतर्गत **<u>16 अभियोग</u>** पंजीकृत किए गए।

**थाना नीमगांव पुलिस द्वारा, अवैध तमंचा व कारतूस सहित 01 नफर अभियुक्त तौफीक पुत्र नियामत शाह को गिरफ्तार किया गया**

पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी, श्री संजीव सुमन के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक महोदय के निकट पर्यवेक्षण में संपूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व अवैध शस्त्रों के निर्माण/बिक्री/परिवहन की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत दिनांक 28.11.22 को थाना नीमगांव पुलिस द्वारा 01 नफर अभियुक्त तौफीक पुत्र नियामत शाह नि0 रामपुर घुंसी थाना नीमगांव जनपद खीरी 01 अदद अवैध तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिंदा कारतूस बरामद कर गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बारमदगी के आधार पर थाना नीमगांव पर मु0अ0सं0 401/22 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्त का चालान मा0 न्यायालय भेजा जा रहा है।

**थाना कोतवाली सदर पुलिस द्वारा, अवैध तमंचा बरामद 01 नफर अभियुक्त शिव कुमार पुत्र हरदयाल को गिरफ्तार किया गया**

पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी, श्री संजीव सुमन के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक महोदय के निकट पर्यवेक्षण में संपूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व अवैध शस्त्रों के निर्माण/बिक्री/परिवहन की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत दिनांक 28.11.22 को थाना कोतवाली सदर पुलिस द्वारा 01 नफर अभियुक्त शिव कुमार पुत्र हरदयाल नि0 मुडियाखेडा थाना कोतवाली सदर जनपद खीरी 01 अदद अवैध तमंचा 315 बोर बरामद कर गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बारमदगी के आधार पर थाना कोतवाली सदर पर मु0अ0सं0 1406/22 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्त का चालान मा0 न्यायालय भेजा जा रहा है।

**<u>थाना मैगलगंज पुलिस द्वारा, अवैध चाकू सहित 01 नफर अभियुक्त शिराज उर्फ गिलहरी पुत्र किफायत खान को गिरफ्तार किया गया</u>**

पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी, श्री संजीव सुमन के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक महोदय के निकट पर्यवेक्षण में संपूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व अवैध शस्त्रों के निर्माण/बिक्री/परिवहन हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत दिनांक 28.11.22 को थाना मैगलगंज पुलिस द्वारा 01 नफर अभियुक्त शिराज उर्फ गिलहरी पुत्र किफायत खान नि0 औरंगाबाद थाना मैगलगंज जनपद खीरी 01 अदद अवैध चाकू बरामद कर गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बारमदगी के आधार पर थाना मैगलगंज पर मु0अ0सं0 405/22 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्त का चालान मा0 न्यायालय भेजा जा रहा है।

**<u>थाना हैदराबाद पुलिस द्वारा, सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुए 03 नफ़र अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया</u>**

पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी, श्री संजीव सुमन के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक महोदय के निकट पर्यवेक्षण में संपूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व अवैध क्रिया-कलापों की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत दिनांक 28.11.22 को थाना हैदराबाद पुलिस द्वारा 03 नफर अभियुक्तों 1. युनुस पुत्र स्व0 इदरीस 2. शीबू पुत्र स्व0 गुड्डू 3. इरशाद उर्फ मोहनी सर्व नि0गण भल्लिया बुजुर्ग थाना हैदराबाद जनपद खीरी को 52 अदद ताश के पत्ते व कुल 7260/- रुपये बरामद कर गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बारमदगी के आधार पर थाना हैदराबाद पर मु0अ0सं0 488/22 धारा 13 जुआ अधि0 पंजीकृत कर अभियुक्त का चालान मा0 न्यायालय भेजा जा रहा है।

## वारंटी अभियुक्तों के विरूद्ध कार्यवाही, विगत 24 घंटे में विभिन्न अभियोगों में 25 नफर वारंटी व 03 नफर वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया

पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी, श्री संजीव सुमन के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक महोदय के निकट पर्यवेक्षण में सम्पूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत विगत 24 घंटों में कार्यवाही करते हुए जनपद के विभिन्न थानों द्वारा विभिन्न अभियोगों में कुल **25 नफर वारण्टी व 03 नफर वांछित** अभियुक्तों की गिरफ्तारी की गई। गिरफ्तार सभी वारंटी अभियुक्तों का चालान माननीय न्या0 भेजा जा रहा है।